>

Title: Need to provide right of ownership of land to SC/ST people facing threat of displacement in Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्र्सगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र् रॉबर्ट्र्सगंज का जनपद-सोनभृद, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अत्यंत नक्सल प्रभावित क्षेत्र् है। मैं वनाधिकार 2006 के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ी जाति के बसे लोगों को वन विभाग की भूमि पर मालिकाना हक दिलवाने के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

पुराने जमाने में ग्राम सभाओं से जब सरकार के वन विभाग के नाम से भूमि मांगी तो ग्राम प्रधानों ने वही भूमि वन विभाग को दी जहां पर अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग बसे थे। वन अधिनियम धारा 04 से धारा 20 हो गई। आज वन विभाग बस्ती को उजाड़ रहा है, जिससे अनुसूचित जाति/जनजातियों को पुनः विस्थापित होने का संकट उत्पन्न हो गया है।

अतः मै भारत सरकार से मांग करता हूं कि मामले की जांच कराकर वनाधिकार 2006 के तहत मुद्दत से बसे अनुसूचित जाति/जनजातियों को मालिकाना हक दिलाने का कष्ट करें ताकि ये गरीब लोग उजड़ने से बच सकें।